

# अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों के नमूने लेकर पहुंचे किसान

**खास बातें**

- अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों के नमूने लेकर पहुंचे किसान
- तहसील में प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन, किसानों की मांग बर्बाद फसलों का हो सर्वे

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 9 सितंबर , अतिवृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के नमूने लेकर क्षेत्र के किसानों ने मंगलवार को तहसील कार्यालय में प्रदर्शन किया. इस दौरान किसानों ने अधिकारियों को बर्बाद फसलों के नमूनों का गुलदस्ता बनाकर दिया. इस दौरान किसानों ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन देते हुए अतिवृष्टि से बर्बाद हुई सोयाबीन, मक्का आदि फसल का सर्वे करने तथा किसानों को डीएपी यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की. किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में अतिवृष्टि से सोयाबीन, मक्का और उड़द की फसलें बर्बाद हो गई हैं, लेकिन अब तक सर्वे कार्य शुरू नही हो सका है.**

क्षेत्र में लगातार बारिश एवं अतिवृष्टि से बर्बाद हुई फसलों पर आक्रोशित किसानों ने कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में मंगलवार को तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान किसानों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर के नाम एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान किसानों का कहना है कि अतिवृष्टि इल्ली और येलो मोजेक रोग के कारण फसलें बर्बाद हो गई हैं. खेतों में फसलों की स्थिति खराब है. उन्होंने कहा कि सिरोंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में सोयाबीन, मक्का एवं उड़द की फसल अत्याधिक बारिश हो जाने के कारण एवं इल्ली की वजह से बर्बाद हो गई है एवं किसानों के सामने अपने जीवन यापन का गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में तत्काल खेतों का सर्वे कराकर किसानों को आर्थिक सहायता एवं फसल बीमा का भुगतान कराया जावे.



### एक माह से नहीं मिल रहा खाद

किसानों का आरोप है कि सिरोंज क्षेत्र में किसानों को डीएपी यूरिया, खाद पिछले एक माह से नहीं मिल रहा है. किसानों को उनकी जमीन के रकबे के अनुसार तत्काल खाद उपलब्ध कराया जावे. वही विगत दिनों फसल बीमा पिछले वर्षों का कुछ जगह किसानों को दिया गया है. परन्तु सिरोंज तहसील क्षेत्र के किसानों का उनकी फसल हानि का कोई भी बीमा प्राप्त नहीं हुआ है. अतः बीमा कम्पनी को निर्देश कर के तत्काल किसानों को बीमा राशि का भुगतान किया जावे. उन्होंने मांगो पर शीघ्र निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी.

### अतिवृष्टि से सोयाबीन, मक्का पर संकट

क्षेत्र में अतिवृष्टि एवं बार-बार हो रही बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है. जानकारी के अनुसार इस बार सिरोंज क्षेत्र में करीब 60 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन, 22 हजार हेक्टेयर में मक्का की फसल की बोवनी हुई है. इसके अलावा उड़द, मूंग आदि फसलें बोई गई हैं. लेकिन सितंबर माह में हुई दोबारा वर्षा से खेतों में पानी भर गया है. जिससे कई जगह फसलें प्रभावित हुई है. वही कई जगह सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक रोग तेजी से फैल रहा है. जबकि उड़द व मूंग में इल्ली का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. लगातार वर्षा और खेतों में पानी भरने के कारण किसान कीटनाशक का छिड़काव तक नहीं कर पा रहे हैं. किसानों का कहना है कि दलहनी फसलों की फलियां टूटकर खेतों में गिर रही हैं और सड़ने लगी हैं. जिससे पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा. लोगों का मानना है कि यदि मौसम जल्द नहीं सुधरा तो इस बार किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है.

### एसडीओ का पद पिछले चार माह से खाली

इस मौके पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि सिरोंज कृषि विभाग के एसडीओ का पद पिछले चार माह से खाली पड़ा हुआ है. जिससे किसानों का कल्याण और उनके खेतों का सर्वे प्रभावित हो रहा है. उन्होंने किसानो का रुका हुआ फसल बीमा तत्काल दिलाने और बर्बाद हुई फसलों का फसल बीमा कंपनी के अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी एवं राजस्व के अधिकारियों की टीम बनाकर तत्काल सर्वे कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि किसानों को डीएपी और यूरिया डेढ़ माह से इंतजार करने के बाद भी नहीं मिल पा रहा है. किसानों में खाद के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है. सरकार तत्काल किसानों को उनकी फसल के रकबे के अनुसार खाद प्रदान करें. जिससे किसान अगली फसल की तैयारी कर सकें. प्रदर्शन के दौरान कई किसान अपनी बर्बाद हुई फसलों के नमूनों को लेकर पहुंचे थे. इस दौरान किसानों ने अधिकारियों को बर्बाद हुई फसलों के नमूनों को दिखाया. इस दौरान रामसिंह पाल, अहमद खान, सुनील शर्मा, नरेंद्र रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे.

## छात्रा को भेजता था अश्लील मैसेज, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज.**

**गंजबासौदा,** शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय की एक छात्रा को महाविद्यालय का ही एक शिक्षक मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजता था. इसकी शिकायत छात्रा ने अपने परिवारजनों से की परिवार के लोगों ने हिंदू संगठन तथा अपने सहयोगियों को जानकारी दी. सभी लोग एकत्रित होकर महाविद्यालय पहुंचे और उक्त शिक्षक के विषय में जानकारी ली और विरोध जताया. इसकी जानकारी पुलिस को दी गई.पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त शिक्षक को देहात थाना ले आई जहां तहकीकात की जा रही है और शिक्षक से पूछताछ चल रही है.बताया जाता है पुलिस ने प्रकरण भी कायम कर लिया है. इस तरह की घटनाएं नगर में घटित होती आ रही है कुछ शिक्षक अपनी घटिया मानसिकता के चलते शिक्षकों की छवि धूमिल कर रहे हैं.

# खाद की किल्लत, कुआंखेड़ी व भेरोखेड़ी में चक्काजाम

**खास बातें**

- खेत से सड़क पर उतरे किसान

**नवभारत न्यूज**

विदिशा 9 सितम्बर,

खेती का मौसम है और किसानों के लिए इस वक्त सबसे बड़ी ज़रूरत है खाद, लेकिन ज़िले में खाद की किल्लत ने किसानों को परेशान कर रखा है. हालात इतने बिगड़ गए कि विदिशा के कुआंखेड़ी और भेरोखेड़ी गांव में नाराज़ किसानों ने आज सड़क पर चक्काजाम कर दिया.



किसानों का आरोप है कि दो-तीन बीघा खेत में सिर्फ़ एक-दो बोरी डीएपी खाद ही मिल रही है. किसानों का आरोप है कि दो-तीन बीघा खेत के लिए केवल एक-दो बोरी डीएपी खाद ही दी जा रही है.इतनी कम खाद से फसल तैयार करना नामुमकिन है.हम रोज़ लाइन लगाते हैं, लेकिन दो बोरी से ज़्यादा खाद नहीं मिलती.ऐसे में खेती चौपट हो जाएगी. किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को आवेदन दिए, निवेदन किया,लेकिन सुनवाई नहीं हुई.मजबूरन उन्हें खेत से सड़क पर आना पड़ा. कलेक्टर और अफसरों से कई बार कह चुके हैं,लेकिन कोई ठोस इंतज़ाम नहीं हुआ. मजबूर होकर हमें सड़क पर उतरना पड़ा. हालात बिगड़ते देख प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. यहां किसानों और अधिकारियों के बीच लगातार बहस हो रही है. किसानों का साफ कहना है कि जब तक खाद की सप्लाई दुरुस्त नहीं होगी तब तक उनका विरोध जारी रहेगा. विदिशा के कुआंखेड़ी और भेरोखेड़ी ग्राम की ये तस्वीर साफ कहती है किसान खेत से सड़क पर उतर चुके हैं. खेती का मौसम है, लेकिन खाद की किल्लत उनकी सबसे बड़ी समस्या बन गई है और अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो इसका असर सीधे फसलों पर पड़ेगा.

## बच्चों को किया सम्मानित

**विदिशा,** बचपन प्ले स्कूल में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह बचपन प्ले स्कूल शास्त्री नगर में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गत वर्ष के टॉपर्स बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए इस कार्यक्रम में गत शैक्षणिक सत्र के सभी टॉपर्स बच्चों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कटारे ने अपने उद्बोधन में बोला कि गत 12 वर्षों से बचपन प्ले स्कूल नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए जो कर रहा है वह कार्य साधारण नहीं है उन्होंने कहा की प्ले ग्रुप के बच्चे की भावनाओं एवं जरूरत को समझना और उनका पूरा करना उनको उनके माता-पिता की कमी महसूस न होने देना.

# कैनरा बैंक में सुरक्षा सायरन बने मजाक

**नवभारत न्यूज.**

**सांची,** नगर के प्रमुख बैंकों में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए सायरन अब परेशानी का सबब बन रहे हैं। सामान्यतः इनका उपयोग किसी भी आपात स्थिति या वारदात की आशंका पर किया जाता है, किंतु सांची बसस्टैंड परिसर स्थित कैनरा बैंक में यह व्यवस्था अव्यवस्थित होकर लोगों को असमंजस में डाल रही है.

नगर की सबसे बड़ी बैंक के रूप में पहचानी जाने वाली इस शाखा में प्रतिदिन हजारों उपभोक्ता लेनदेन के लिए पहुंचते हैं. सुरक्षा के मद्देनज़र यहां सायरन तो लगाया गया, पर इसकी आवाज कब गूंज उठे कहना मुश्किल है। अवकाश के दिन बैंक बंद होने पर भी सायरन अचानक बज उठता है, जिससे लोग असमंजस में पड़ जाते हैं.




लोगों का कहना है कि अब इस सायरन का बजना आम हो चुका है. कई बार यह बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के सामने भी बिना वजह बज उठता है, इसलिए कोई इसे गंभीरता से नहीं लेता. यही कारण है कि वास्तविक आपात स्थिति आने पर भी इसका महत्व संदिग्ध हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार, अतीत में इस बैंक में तोड़फोड़ की घटनाएं हो चुकी हैं और समय रहते सतर्कता बरती गई थी। इसके बावजूद सायरन की अव्यवस्थित व्यवस्था को लेकर बैंक प्रबंधन लापरवाह दिखाई दे रहा है. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ऐसी स्थिति बनी रही तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता.

## कायाकल्प योजना अंतर्गत बनी 3 करोड़ की सड़क का दिल्ली टीम ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज.**

**विदिशा.** कायाकल्प योजना के तहत लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से बनी मुख्य सड़क का निरीक्षण करने दिल्ली से टीम विदिशा पहुंची. यह सड़क ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल से स्वामी विवेकानंद चौराहे तक फरवरी 2024 में रघु कंस्ट्रक्शन द्वारा बनाई गई थी।

नगर पालिका के एई आर.के. वर्मा ने बताया कि यह निरीक्षण रूटीन प्रक्रिया का हिस्सा है और पूरे प्रदेश में इस तरह की जांच की जा रही है। टीम ने सड़क की गुणवत्ता एवं निर्माण कार्य का परीक्षण किया.




# कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

सिरोंज, नगर के बायपास क्षेत्र में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ. गाजे-बाजे की धुन और भजनों के बीच निकली इस कलश यात्रा में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला. यात्रा के दौरान जयकारों की गूंज और गुलाल के रंगों से वातावरण भक्तिमय हो गया. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं. श्री बटैया सरकार मंदिर परिसर स्थित पवित्र जल स्रोत से कलश भरकर लाए. जिन्हें विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कथा स्थल पर स्थापित कराया गया. आरती के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ. कथा वाचक पं. प्रेमानंद महाराज ने प्रथम दिवस श्रद्धालुओं को भागवत कथा की महिमा से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वह स्थल तीर्थ के समान पवित्र माना जाता है. कथा का श्रवण करने से जीवन के पाप नष्ट होते हैं और आत्मा को शुद्धि मिलती है. उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि इस अमूल्य कथा को सुनने का अवसर सौभाग्य से ही मिलता हैं. कथा आयोजक दीपक रघुवंशी ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी.

## राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हुये रोचक मुकाबले

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में दूसरे दिन रोचक मुकाबले देखने को मिले. प्रतियोगिता में दूसरे दिन बालक एवं बालिका वर्ग में 15 मुकाबले खेले गए. जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया. वही नर्मदापुरम ने जबलपुर के एक तरफा मुकाबले में 5ङ्क0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की. बालिका वर्ग ग्रुप बी में पहला मैच शहडोल तथा रीवा के बीच 0-0 की बराबरी पर रहा. प्रतियोगिता में लीग मैचों के लिए बालक एवं बालिका वर्ग के लिए दो ग्रुपों में मैच हो रहे हैं. ग्रुप ए के बालिका वर्ग मुकाबले में नर्मदापुरम पर ग्वालियर ने 4-0 से जीत हासिल की. वही भोपाल ने जबलपुर पर 5-1 से बड़ी जीत दर्ज की. वही जनजाति विभाग ने सागर पर 2-0 से जीत दर्ज की. तीसरे मुकाबले में इंदौर ने रीवा को 2-0 से हराया. बालक वर्ग के ग्रुप ए में पहला मैच सागर और जबलपुर के बीच हुआ. जिसमें सागर ने 4-1 से जीत हासिल की. दूसरे मैच में उज्जैन ने जनजाति विभाग को 2-1 से हराया. बालक वर्ग के ग्रुप बी में पहला मैच रीवा और भोपाल के बीच खेला गया. जो कड़े संघर्ष के बाद 1-1 से बराबरी पर रहा. दूसरा मैच में शहडोल ने ग्वालियर पर 2-0 से जीत दर्ज की.

## पूर्व विधायक डॉ . सक्सेना का निधन



**विदिशा,** पूर्व विधायक, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष रहे डॉ. सूर्य प्रकाश सक्सेना के निधन पर कांग्रेसजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि उनका जीवन संघर्ष और सेवा का प्रतीक था. शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी व कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे. डॉ. सक्सेना का पार्थिव शरीर मंगलवार सुबह 11.30 बजे रामद्वारा स्थित निवास से मुक्ति धाम ले जाया जाएगा.

# ओलंपस हाई में बुजुर्गों ने बच्चों संग मनाया दादा-दादी, नाना-नानी दिवस

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** ओलंपस हाई विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दादा दादी और नाना नानी दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिन्हें देख सभी बुजुर्ग अभिभूत हो गए. दादा दादियों ने भी अपने नन्हों को खुश करने में कोई कमी नहीं छोड़ी और मंच पर अपनी प्रतिभाओं का भी प्रदर्शन किया.बुजुर्गों के इस जोश को देखकर सभी स्टाफ़ भावुक हो गया और दादा दादी, नाना नानी की आखों में बच्चों के प्रति असीम प्रेम देखते ही बनता था. बुजुर्गों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर मनोरंजित होने का कोई मौक़ा नहीं छोड़ा. इस आयोजन में समाजसेवी सीएल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अशोक कोठारी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया. अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी और संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया की बुजुर्गों के इस आनंदमय कार्यक्रम से विद्यालय परिवार, बच्चे और अभिभावक आनंदित नज़र आये.प्राचार्य प्रियंका सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया.



## मानसरोवर तालाब से अतिक्रमण हटाने दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज.**

**ग्यारसपुर,** नगर की प्राचीन सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहर मानसरोवर तालाब पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा गया. ग्रामवासियों एवं श्रमदानियों ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी के नेतृत्व में दो वर्ष पूर्व श्रमदान कर तालाब की सफाई कर जलकुंभियों को बाहर निकाला गया था. वर्तमान में तालाब पर कुछ व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा कर सिंघाड़े की फसल बो दी गई है, जबकि इसके लिए ग्राम पंचायत से कोई अनुमति नहीं ली गई. इस अवैध गतिविधि से तालाब का जल प्रदूषित हो रहा है और इंसानों के स्नान व पशुओं के पीने योग्य नहीं रह जाएगा.ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है.मजदूर संघ यूनियन के अध्यक्ष रघुवीर सिंह सिसोदिया ने प्रशासन से मांग की है कि ग्यारसपुर की इस प्राचीन धरोहर को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए सिंघाड़े की फसल हटवाई जाए, जिससे तालाब का जल स्वच्छ एवं उपयोगी बना रहे.

**न्यायालय तहसीलदार तहसील नटेरन जिला विदिशा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक / / 25-26/650
नटेरन दिनांक - 09/09/25

**- सूचना, पत्र-**

**बनाम - श्री प्रभाकर राव पुत्र लक्ष्मन राव नि. आमखेड़ासूखा तहसील नटेरन जिला विदिशा**

जर्ये सूचना पत्र आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलसाबाई पत्नि राजाराम कोरी द्वारा विक्रय पत्र अनुसार ग्राम आमखेड़ासूखा स्थित भूमि आराजी क्रमांक 454/1/1 रकबा 2.143 हे.मे से रकबा 0.209 हे.पर स्वयं के नाम का नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, आवेदित भूमि में आपका नाम अधिपति कृषक की हैसियत से दर्ज है, उक्त संबंध में आपकी आपत्ति सहमति हेतु न्यायालय से सूचना पत्र जारी किया जाने पर आपके अंतिम ज्ञात पते पर आपके उपलब्ध न होने के कारण आपको सूचना पत्र की तामीली नहीं हो सकी। अतएव इस समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि यदि आमखेड़ासूखा स्थित भूमि आराजी क्रमांक 454/1/1 रकबा 2.143 हे.मे से रकबा 0.209 हे. पर आवेदिका के नाम का नामान्तरण किए जाने में आपको किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आप प्रकरण में नियत दिनांक 16/9/2025 के समक्ष में उपस्थित होकर आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकतें हैं नियत दिनांक को आपके उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार
तहसील नटेरन जि.विदिशा

**मांग** | **विभिन्न संगठनों ने कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन**

# एआई निर्मित एनीमेटेड मूर्तियां बनाने पर रोक लगाने की मांग

**नवभारत न्यूज.**

**विदिशा,** मंगलवार को विभिन्न हिंदूवादी संगठन कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान कई झांकी संचालकों द्वारा एआई निर्मित और एनिमेटेड प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं, जो कि हिंदू सनातन धर्म में पूजा के उपयोग नहीं हैं। उन्होंने आवेदन देकर मांग की है कि भगवान गणेश और नवरात्रि में मां दुर्गा की प्रतिमाएं जिस प्रकार सनातन धर्म में मान्यता है उसी प्रकार बनाई की जाएं। एआई निर्मित एनीमेटेड मूर्तियां प्रतिमाओं के बनाने पर रोक लगाई जाए।

मंगलवार को विभिन्न हिंदूवादी संगठन के लोग बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि भगवान गणेश एवं दुर्गा जी हमारे अराध्य हैं। किसी को भी अधिकार नहीं है कि कोई अपने पांडालों में प्रतिमाओं को अपने मनोरंजन के हिसाब से स्थापित करें। जैसा कि इस वर्ष गणेश उत्सव में कई प्रतिमाएं एआई निर्मित एनीमेटेड मूर्तियां थीं जो कि पूर्णतः धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप नहीं थीं। धर्म शास्त्रों में हिंदू देवी देवताओं का जैसा स्वरूप बताया गया है वैसे ही स्वरुप में देवी देवताओं की मूर्तियां पांडाल में स्थापित की जाएं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म इस बात को लेकर काफी रोष में है। गणेश उत्सव के दौरान इस विषय को न उठाने का कारण इतना है कि उन मूर्तियों से भी समितियों की भावनाएं जुड़ी हुई थीं। उन्होंने कहा कि विरोध करने पर नगर में अशांति फैलने की संभावना हो सकती थी जो कि हमारा उद्देश्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा सिर्फ उद्देश्य इतना है कि सनातन धर्म का उपहास किसी भी माध्यम से कोई भी विधर्मी या स्वधर्मी अपना अधिकार न समझें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि कुछ समय बाद नवरात्रि का त्यौहार आने वाला है, जिसमें दुर्गा मां के पांडालों में एआई निर्मित एनीमेटेड मूर्तियों की स्थापना न की जाए। अगर कोई समिति ऐसा करती है तो उस समिति के पदाधिकारी पर कानूनी कार्रवाई निश्चित रूप से सुनिश्चित की जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद थे।

## भागवत कथा एवं श्री राम कथा के लिए निकली कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**

गंजबासौदा, 9 सितंबर से 21 सितंबर तक होने वाली पितृ स्मरण में श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम कथा के लिए मंगलवार की शाम श्री शीतला माता मंदिर से निकली मंगल कलश यात्रा. कथावाचक पंडित केशव गुरु ने बताया कि पितृ स्वरूप भगवान जनार्दन हरि की असीम कृपा और करुणा से एवं पितृ देवता की प्रेरणा से विगत 15 वर्षों से पितृपक्ष में पितरों की प्रसन्नता के लिए, वार्ड क्रमांक 17 व 18 में स्थित श्री मुरलीधर छैलबिहारी जी के मंदिर में भगवान जनार्दन हरि का अभिषेक पितृ तर्पण भागवत कथा एवं श्री राम कथा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है. इस वर्ष भी कलश यात्रा श्री शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई श्री मुरलीधर छैल बिहारी जी के मंदिर गणेशपुरा पहुंची. कलश यात्रा में कथावाचक पंडित केशव शास्त्री एवं गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी के सानिध्य में बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं शामिल रहीं. पितृ पक्ष के अवसर पर पंडित धर्मेन्द्र भार्गव के सानिध्य में हजारों की संख्या में लोगों ने पितृ तर्पण किया पंडित धर्मेन्द्र भार्गव ने बताया कि पित्र तर्पण के माध्यम से जड़ चेतन तत्वाराधना की जाती है.

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पीकलोन**

**पंजीयन क्रमांक 317** | **दि.30/6/1966**

**वार्षिक आम सूचना**

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पीकलोंन के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 24.9.2025 दिन बुधवार को स्थान समिति गोदाम भवन पीकलोंन पर दोपहर 1 बजे रखी गई है, कोरम के अभाव में स्थगित शुदा बैठक 1.30 बजे पुनः नियत स्थान पर होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी, समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत ऐजेण्डा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

नितिन श्री राव
प्रशासक

संतोषश्रीवास्तव
समिति प्रबंधक